# आंदोलन में आयोगों की एंट्री से बढ़ा दबाव

## ग्राम बड़वेली में किसान के साथ हुए हादसे के बाद से ही आंदोलित हैं अनेक गांव के किसान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 23 जुलाई. जिले के बडवेली गांव में 11 केवी विद्युत लाइन से हुए हादसे के बाद किसानों का आंदोलन अब जिला मुख्यालय से निकलकर भोपाल तक पहुंच गया है. मामले में मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद बिजली विभाग पर दबाव बढ़ गया है. किसान 25 लाख रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं.**

गौरतलब है कि गत दिनों ग्राम बडवेली में खेतों के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन से करंट लगने के हादसे में घायल किसान सतीश मेवाड़ा का हाथ काटना पड़ा था. इस घटना के बाद क्षेत्र के किसानों का आंदोलन लगातार उग्र होता गया और अब यह सीहोर से भोपाल तक पहुंच चुका है. किसानों का कहना है कि जब तक पीड़ित को 25 लाख रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा. किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से झूलती विद्युत लाइनें हादसों का कारण बन रही हैं.



### कई दफ्तरों का घेराव कर चुके हैं किसान

किसानों ने दो बार कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपे. अधीक्षण यंत्री कार्यालय का भी घेराव किया गया, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन भोपाल तक पहुंच गया. किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास में शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद ऊर्जा मंत्री के बंगले और गोविंदपुरा स्थित बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक कार्यालय का भी घेराव कर कार्रवाई की मांग की गई.

### प्रदेश स्तर पर करेंगे आंदोलन

इस मामले को लेकर किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को प्रदेशव्यापी स्वरूप दिया जाएगा. साथ ही इस मुद्दे को विधानसभा और संसद में उठाने के लिए सांसदों एवं विधायकों से भी पहल करने की मांग की गई है. उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से लगातार किसानों की जान जा रही है, इसलिए दोषियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है.

# आकांक्षी ब्लॉक बल्देवगढ़ के अधिकारियों की बैठक

**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के आकांक्षी ब्लॉक बल्देवगढ़ के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नीति तारा के प्रभावी उपयोग एवं क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने आकांक्षी ब्लॉक बल्देवगढ़ के एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण परिवेश तक योजनाओं का प्रचार प्रसार करने एवं शासकीय कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक समझाने में ये डिवाइस उपयोगी रहेगी इसीलिए सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी इसका प्रभावी उपयोग सीख लें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नीति तारा प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली, डेटा आधारित योजना निर्माण, योजनाओं की प्रगति की प्रभावी समीक्षा की जानकारी दी.

# डिजिटल युग में 110 स्कूलों में पसरा अंधेरा

**विद्युत विभाग के आला अधिकारियों की लापरवाही आई सामने**

**वर्ष 2025 में जारी हुई थी 56 लाख 67 हजार रुपए की राशि**

नवभारत न्यूज,

**टीकमगढ़। एक तरफ देश डिजिटल शिक्षा, स्मार्ट क्लास और आधुनिक स्कूलों की बात कर रहा है, तो दूसरी तरफ मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले में ऐसे भी सरकारी स्कूल हैं, जहां आज तक बिजली का एक बल्ब भी नहीं जल पाया है। बच्चे आज भी अंधेरे वाले कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि सरकार इन स्कूलों में बिजली पहुंचाने के लिए लाखों रुपये पहले ही जारी कर चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के चलते 110 स्कूल अब भी रोशनी का इंतजार कर रहे हैं।**



### उच्च स्तर से सूची मिलने पर होंगे कनेक्शन जारी

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अजमेर सिंह का कहना है कि फंड ट्रांसफर से जुड़ी कुछ तकनीकी दिक्कतें सामने आई हैं। इसी कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि विभाग को उच्च स्तर से सूची मिलने के बाद ही बिजली कनेक्शन जारी किए जाते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि जिले के 110 स्कूलों में बिजली कनेक्शन होना बाकी है और संबंधित फाइल फिलहाल विभाग में लंबित है। एक तरफ सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देने और हर स्कूल को आधुनिक बनाने की बात करती है, दूसरी तरफ लाखों रुपये जारी होने के बावजूद बच्चे अंधेरे में पढ़ने को मजबूर हैं।

दरअसल शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। सरकार हर बच्चे तक बेहतर शिक्षा पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन टीकमगढ़ जिले के 110 शासकीय स्कूलों की तस्वीर इस दावे पर बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चे आज भी बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं।

# फास्ट फूड स्लो पॉइजन है : डॉ. जैन



नवभारत न्यूज

**विदिशा. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा द्वारा मगधम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किशोर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई. इसमें लगभग 450 विद्यार्थियों ने भाग लिया.**

आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण विकासकाल है. इस दौरान संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, नियमित व्यायाम और सही मार्गदर्शन स्वस्थ भविष्य की नींव रखते हैं. उन्होंने घर का पौष्टिक भोजन, फल-सब्जियां और 7-8 घंटे की नींद को आवश्यक बताया तथा सोने से दो घंटे पहले मोबाइल और टीवी से दूरी बनाने की सलाह दी.आईएपी विदिशा के अध्यक्ष डॉ. एम.के. जैन ने कहा कि फास्ट फूड स्वादिष्ट जरूर लगता है, लेकिन यह स्लो पॉइजन है. इसके अत्यधिक सेवन से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मानसिक तनाव, हार्मोनल असंतुलन और कमजोर हड्डियों जैसी समस्याएं हो सकती हैं. उन्होंने किशोरों को घर का भोजन अपनाने, संतुलित आहार लेने और समय पर टीकाकरण कराने की सलाह दी.

# लालाखेड़ी में पकड़ाया संदिग्ध युवक

**सीहोर.** शहर के मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम लालाखेड़ी में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया. ग्रामीणों का आरोप है कि युवक कंजर समुदाय से है और क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी-नकबजनी की घटनाओं के मद्देनजर उन्हें उस पर संदेह हुआ। गुस्साए ग्रामीणों ने उसकी पिटाई कर दी, जिसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अपनी हिरासत में लेकर अस्पताल भेज दिया. ग्रामीणों के अनुसार, लालाखेड़ी और आसपास के गांवों, विशेषकर सतपीपलिया में हाल के दिनों में चोरी की कई घटनाएं हुई हैं. इन्हीं वारदातों के बाद गांव के लोग सतर्क थे.

# अघोषित बिजली कटौती से लोगों में आक्रोश

## बिजली कटौती के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 23 जुलाई, नगर में अघोषित बिजली कटौती को लेकर लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है. धरना-प्रदर्शन और शिकायतों के बावजूद शहर के कई मोहल्लों में प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं. इससे आमजन, व्यापारी और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि के समय गली-मोहल्लों में लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को उमस और अंधेरे के बीच रात गुजारनी पड़ रही है. वहीं दिन में बिजली कटौती के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है. लोगों का आरोप है कि जैसे ही तेज हवा चलती है या बारिश शुरू होती है, तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है और बारिश थमने के बाद ही सप्लाई बहाल की जाती है.उपभोक्ताओं का आरोप है कि मुख्य मार्गों पर बिजली कटौती अपेक्षाकृत कम होती है, जबकि गली-मोहल्लों और गरीब बस्तियों में अधिक समय तक बिजली बंद रहती है.




# वन विभाग ने नाकाम की सागौन की तस्करी

**बुधनी.** वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने सागौन तस्करी के एक प्रयास को विफल करते हुए ग्राम ऊंचाखेड़ा के जंगल से अवैध रूप से काटी गई सात नग सागौन लकड़ी जब्त की है. कार्रवाई के दौरान तस्कर वन अमले को देखकर जंगल का लाभ उठाते हुए फरार हो गए. विभाग ने लकड़ी को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है. वन विभाग को सूचना मिली थी कि ग्राम ऊंचाखेड़ा के जंगल में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई कर लकड़ी को वाहन के माध्यम से बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है. सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी राजित द्विवेदी के निर्देशन में टीम ने मौके पर दबिश दी.



# भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में चोरी करने वाला गिरोह बेनकाब

नवभारत न्यूज

**गुना 23 जुलाई का। शहर में निकाली गई प्रसिद्ध भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी करने वाले शातिर अपराधियों पर गुना पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। पुलिस ने आधुनिक तकनीक और गहन सीसीटीवी विश्लेषण की मदद से आगरा (उत्तर प्रदेश) के दो अंतर्राज्यीय गिरोहों का पदार्फाश करते हुए 10 महिलाओं और 1 पुरुष सहित कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए दो सोने के मंगलसूत्र तथा वारदात में इस्तेमाल की गई दो लग्जरी कारें, जिनकी कुल कीमत लगभग 20 लाख रुपये है, बरामद कर ली गई हैं।**

उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई 2026 को गुना शहर में विशाल भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा निकाली गई थी। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इसी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात अपराधियों ने फरियादिया रामकुंवर ओझा (66 वर्ष, निवासी बीजी रोड) और कल्पना दुबे के गले से सोने के मंगलसूत्र पार कर दिए थे। पीड़ितों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 401/26 एवं 402/26 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) के अंतर्गत मामले दर्ज कर जांच शुरू की थी। धार्मिक आयोजन में हुई इस गंभीर वारदात को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने त्वरित कार्रवाई और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी

**गुना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने जिले के दो आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के तहत 01-01 वर्ष के लिए जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार, आदतन अपराधी दीपेंद्र रघुवंशी और रोनू उर्फ रानू कुशवाह को एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

# जरुरतमंदों की जीवन रेखा ब्लड हेल्पलाइन

**खुरई.** पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से मात्र 15 दिनों में 95 जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया. इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 7 मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनके उपचार को गति देने में सहयोग प्रदान किया गया. प्रारंभ हुई इस जनकल्याणकारी पहल ने अब तक 1,950 जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है. यह सेवा केवल रक्त उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को कठिन समय में मानसिक संबल, त्वरित सहायता और आर्थिक राहत भी प्रदान कर रही है.



# पशुपालकों को सामग्री वितरित

नवभारत न्यूज

**बीना 23 जुलाई. पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक एड. निर्मला सप्रे ने पात्र हितग्राहियों को पावर ड्रिवेन चैफ कटर वितरित किए.**

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पावर ड्रिवेन चैफ कटर की कुल कीमत 22,800 रुपए निर्धारित है. इसमें हितग्राही को 10,800 रुपए का अंशदान जमा करना होता है. कार्यक्रम में प्रेम सिंह यादव, राहुल सिंह लोधी, अभिजीत यादव, दीवान सिंह यादव, राजेंद्र उपाध्याय, आलेख राय, कमलेश अहिरवार गोविंद सिंह ठाकुर

# एक सप्ताह में तेल 5 और चीनी 6 रुपये महंगी

नवभारत न्यूज

**विदिशा 23 जुलाई, महंगाई का असर अब आम लोगों की रसोई पर साफ दिखाई देने लगा है. पिछले एक सप्ताह के भीतर खाद्य तेल, शक्कर, दाल और अन्य किराना वस्तुओं के दामों में लगातार बढ़ोतरी हुई है. सबसे अधिक असर खाद्य तेल और शक्कर की कीमतों पर देखने को मिला है. बाजार में 800 ग्राम के तेल के पाउच के दाम बढ़कर करीब 150 रुपये और 900 ग्राम के पाउच की कीमत 170 रुपये तक पहुंच गई है। वहीं शक्कर के भाव भी महज सात दिनों में लगभग 6 रुपये प्रति किलो तक बढ़ गए हैं.**

जिले में नकली घी का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। किराना बाजार से जुड़े जानकारों के अनुसार अधिकांश किराना दुकानों पर अलग-अलग ब्रांड नामों से बिना मानक वाले घी के पैकेट खुलेआम बेचे जा रहे हैं. बताया जाता है कि ये पैकेट आसपास के शहरों में तैयार कर फुटकर दुकानों तक पहुंचाए जाते हैं. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा इन संदिग्ध ब्रांडों की नियमित जांच नहीं होने से यह कारोबार लगातार बढ़ रहा है.

किराना व्यापारियों के अनुसार खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से आम उपभोक्ताओं की रसोई का बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तेल और शक्कर के अलावा तुअर दाल, चना दाल, मसूर दाल, हरी मूंग, मूंग दाल तथा चावल के दामों में भी तेजी दर्ज की गई है. रोजमर्रा की जरूरत की अधिकांश वस्तुएं महंगी होने से मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है. व्यापारियों का कहना है कि थोक बाजार में लगातार बढ़ रहे दामों का सीधा असर फुटकर बाजार पर पड़ रहा है. इसके चलते दुकानदारों को भी नई कीमतों पर सामान बेचना पड़ रहा है.

छपते-छपते

**देर रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पेपर लीक पर फिर आया संदेश**

# आज कैबिनेट में लेंगे सख्त फैसले

**नई दिल्ली,23 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार देर रात नीट पेपर लीक के मुद्दे पर एक बार फिर से आंदोलन कर रहे छात्रों के लिए संदेश जारी किया।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देर रात गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए देश के छात्रों को भरोसा दिलाया कि पेपर लीक के मामलों में अब और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विषय पर अब तक कई कार्रवाई की जा चुकी हैं और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कदम भी उठाए गए हैं।



प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता छात्रों का भविष्य सुरक्षित रखना और उनकी शैक्षणिक प्रक्रिया प्रभावित न होने देना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसे मामलों के त्वरित निपटारे और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का फैसला किया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि कैबिनेट के सदस्यों से हमारी इस पर बात हुई है, और शुक्रवार को हम कैबिनेट में इसकी चर्चा करेंगे पीएम मोदी ने यह भी बोला कि सोमवार को इसकी इसकी चर्चा हम सदन में करते हुए बिल पेश करने पर विचार करेंगे

## अनु ग्रोवर फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने पेपर लीक और कदाचार से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए एक फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित की. हाईकोर्ट ने जस्टिस अनु ग्रोवर बलिगा को सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल (अनुचित साधनों के इस्तेमाल) से जुड़े आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए इस फास्ट-ट्रैक कोर्ट का विशेष न्यायाधीश (स्पेशल जज) नियुक्त किया है. ये कोर्ट राऊज एवेन्यू कोर्ट के कॉम्प्लेक्स से फंक्शन करेगी.

## शिक्षा मंत्रालय के सचिव विनीत जोशी को हटाया

**नई दिल्ली.** देश भर में भारी विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार शिक्षा मंत्रालय के स्तर पर एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है. उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी का उनके पद से रातों-रात ट्रांसफर कर दिया गया है. विनीत जोशी को अब पंचायती राज मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है. उनकी जगह अब नरेश पाल गंगवार को नया उच्च शिक्षा सचिव बनाया गया है.



# नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

नवभारत न्यूज

**सतना 23 जुलाई.** चित्रकूट जिला मुख्यालय से तकरीबन 12 किमी की दूरी पर देवांगना घाटी के जंगल में 3 बदमाशों द्वारा एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. इसके साथ ही युवती के साथ मौजूद किशोर को मारपीट कर बांध दिया गया. इस गंभीर घटना के सामने आते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में टीम गठित करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गई.

**चित्रकूट की देवांगना घाटी के जंगल की घटना**

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नयागांव थाना क्षेत्र की निवासी 20 वर्षीय लड़की अपने पिता के साथ राजस्थान के कोटा में रहकर पढ़ाई कर रही थी. वह 12वीं के साथ-साथ नीट परीक्षा की तैयारी भी कर रही थी. कुछ दिनों पहले ही वह छुट्टियों में अपने घर आई थी. बताया गया कि लगभग सप्ताह भर पहले लड़की की पहचान एक 17 वर्षीय किशोर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी. इंस्टाग्राम पर देवांगना घाटी के सुंदर दृश्य देखकर लड़की द्वारा वहां घूमने की इच्छा जताई गई. किशोर द्वारा हामी भरने पर दोनों देवांगना घाटी पहुंच गए. जहां पर जंगल में मौजूद चट्टान पर बैठकर दोनों मोबाइल से रील बनाने लगे. बताया गया कि दोपहर के लगभग साढ़े 3 बजे वहां पर बाइक सवार 3 युवक पहुंच गए. स्वयं को वन विभाग का कर्मचारी बताते हुए उन्होंने पूछताछ शुरु कर दी. इसी दौरान वे लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगे. विरोध किए जाने पर एक ओर जहां तीनों ने मिलकर लड़के के पैर को बांध दिया और पीटने लगे. वहीं दूसरी ओर लड़की को घाटी से नीचे फेंकने की धमकी देने लगे. जिसके बाद तीनों युवक लड़की को घसीटते हुए झाड़ियों के पीछे ले गए और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. बदमाशों के वहां से चले जाने के बाद किसी तरह किशोर ने अपने बंधन को खोला और बिलख रही युवती को संभालने का प्रयास किया. जिसके बाद पहाड़ी से नीचे उतरने के बाद 112 को कॉल किया गया. लगभग पौने 5 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल ले गई.

समीक्षा

**कोठीबाजार मंडल की शक्ति केंद्र बैठकों में संगठनात्मक गतिविधियों की हुई समीक्षा**

# मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने शक्ति केंद्रों को दिए निर्देश

**बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन तथा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार के नेतृत्व में भाजपा कोठीबाजार मंडल की प्रतिमाह आयोजित होने वाली चारों शक्ति केंद्रों की संगठनात्मक बैठकें संपन्न हुई।**

बैठकों में संगठन को बूथ स्तर तक अधिक मजबूत बनाने, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के प्रभावी आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कोठीबाजार मंडल के सुभाष नगर, महावीर नगर, मालवीय नगर और अंबेडकर नगर शक्ति केंद्रों पर आयोजित बैठकों का संचालन मंडल प्रभारी सुधाचंद्रा, मंडल सह प्रभारी कैलाश बंडू धोटे तथा मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विक्रम वैद्य ने किया। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों और कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए। मंडल प्रभारी सुधाचंद्रा ने सभी शक्ति केंद्र प्रभारियों से अपने-अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ पर बैठकें आयोजित करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम %मन की बात% का व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का सक्रिय नेटवर्क है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता संगठनात्मक जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें।



बैठकों में जनप्रतिनिधियों के रूप में पार्षद तरुण ठाकरे, आभा श्रीवास्तव, राजेश पानकर, महेश राठौर, वर्षा रमेश बारस्कर, रजनी राजेश वर्मा, रघुनाथ लोखंडे, कामय कावरे, वरुण धोटे, किरण खातरकर, नरेंद्र हरसूले तथा संतोष भलावी उपस्थित रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

गुड्डू मिश्रा, सावन्या शेषकर, भावेश चढ़ोकार, प्रमोद राठौर, दीपक श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, पवन यादव, शातनू वाजपेयी, नीतू वर्मा, रमेश बारस्कर, गणेश देशकर, जतीन पाल, दीपक मंटू वर्मा, रितेश पुंडे, बलवीर मालवी सहित सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ महामंत्री एवं बीएलए-2 भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।